जहाँ हो हरियाली
वहाँ हो खुशहाली

इस महती उद्देश्य को लेकर अग्रवाल महाविद्यालय के सभागार में पर्यावरण क्लब “धरती मित्र” द्वारा अन्तःमहाविद्यालय स्तर पर स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग और संभाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इस अवसर मुख्य अतिथि के रुप में अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता उपस्थित थे. उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि धरती मित्र पर्यावरण को बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. एक धरती मित्र पाँच व्यक्तियों को पर्यावरण के बारे में जानकारी देगा तो निश्चय ही पर्यावरण में सुधार आएगा. उन्होंने यह भी बताया कि छोटे–छोटे प्रयासों से भविष्य के लिए पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित किया जा सकता है. हमारे आज के प्रयास ही कल को संवारेंगे.

इस अन्तःमहाविद्यालय प्रतियोगिता में जिला फरीदाबाद के महाविद्यालयों से आए अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया.इस अवसर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे

संभाषण प्रतियोगिता –	ज्योति शर्मा	– प्रथम
	पूजा	– द्वितीय
	प्रीतम	– तृतीय

नारा लेखन प्रतियोगिता– कविता – प्रथम

दीपिका – द्वितीय

सागर सोलंकी– तृतीय

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता – कोमल पांचाल – प्रथम

हिमांशी – द्वितीय

सोनाली शर्मा – तृतीय

इस समस्त कार्यक्रम का संयोजन ईको क्लब की संयोजिका श्रीमती किरण आनंद के मार्ग दर्शन में हुआ. इस कार्यक्रम में एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. रेखा सेन, श्रीमती ऋतु, पर्यावरण विभाग के श्री लवकेश और डॉ. बांके बिहारी का विशेष योगदान रहा.